## प्रेस विज्ञप्ति

### मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश में "साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और धोखाधड़ी" पर विशेष व्याख्या

**कानपुर, 24 जुलाई 2025:** मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश की सूचना एवं प्रौद्योगिकी समिति द्वारा आज "साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और धोखाधड़ी के व्यावहारिक पहलु" " विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन सर पदमपत सिंघानिया ऑडिटोरियम, में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संदीप के सक्सेना (प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, IIT कानपुर और नव नियुक्त निदेशक, IIIT Hyderabad) रहे |

स्वागत भाषण सीए मुकुल टंडन, पूर्व अध्यक्ष, एमसीयूपी एवं समिति के अध्यक्ष सीए अनिल के सक्सेना ने देते हुए कहा कि डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन गतिविधियों की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ साइबर सुरक्षा अब हर नागरिक और व्यवसाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इस विषय पर सभी को सजग और प्रशिक्षित रहना होगा।

डॉ आई एम रोहतगी, पूर्व अध्यक्ष, एमसीयूपी ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर संदीप के सक्सेना, आई.आई.टी कानपुर ने बंबू प्लांटर देकर उनका स्वागत किया | वरिष्ठ सदस्य राज कुमार अग्रवाल द्वारा उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया |

वक्ता का संक्षिप्त परिचय सीए छवि जैन द्वारा दिया गया |

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संदीप के सक्सेना (प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, IIT कानपुर और नव नियुक्त निदेशक, IIIT Hyderabad) ने अपने प्रस्तुतीकरण में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं, डिजिटल रिस्क जैसी नई प्रकार की धोखाधड़ी तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि "साइबर अपराध" अब केवल तकनीकी चुनौती नहीं रह गई है, बल्कि यह व्यक्तिगत, व्यावसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। जागरूकता और समय पर कार्रवाई ही इससे बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

कार्यक्रम का संचालन सीए सुधींद्र कुमार जैन द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम के अंत में एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं साइबर अपराधों से जुड़े प्रश्न पूछे और समाधान पर चर्चा की।

अंत में सीए मनु अग्रवाल, एडवाइजर, सूचना एवं प्रौद्योगिकी समिति ने समापन टिप्पणी तथा सीए अमित पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया, श्री अनिल अग्रवाल, श्री राजीव मेहरोत्रा, श्री सुशील शर्मा, श्री नरेंद्र डालमिया, श्री मनीष कटारिया, श्री अतुल मेहरोत्रा, श्री राहुल चंद्रा सहित अनेक गणमान्य सदस्य, शहर के उद्योगपतियों, एडवोकेट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, महिला प्रतिनिधियों और चिकित्सकों एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।

आपसे अनुरोध है कि उक्त को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें|